Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to make a law to stop the religion conversion of tribals and the benefits received upon conversion.

श्री कनकमल कटारा (बांसवाड़ा): अध्यक्ष महोदय, बहुत-बहुत धन्यवाद । मैं आपका ध्यान एक बहुत महत्वपूर्ण विषय की ओर आकर्षित कराना चाहता हूँ । आदिवासी जनजाति में धर्मांतरण एक बड़ी समस्या बनती जा रही है । आदिवासी जनजाति के प्राचीन गौरव, एकता और परम्परा को गिने-चुने लोगों के द्वारा खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है ।

मान्यवर, मेरा संसदीय क्षेत्र डूंगरपुर-बांसवाड़ा और पूरे राजस्थान सहित मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं झारखण्ड आदि में आदिवासी लोगों की बड़ी आबादी का धर्म एक विशेष टीम ईसाई धर्म में परिवर्तित करने में सक्रिय है । इसे रोकना अनिवार्य है, अन्यथा जो लोग अपना धर्म परिवर्तन कर ईसाई धर्म अपनाते हैं, उनके लिए आरक्षण आदि की सुविधा समाप्त कर देनी चाहिए और अल्पसंख्यक के नाम पर जो दोहरे लाभ ले रहे हैं, उसे तुरंत समाप्त करने की आवश्यकता है । जो लोग आदिवासी जनजाति में धर्म परिवर्तन में लगे हुए हैं, उस पर तत्काल अंकुश लगाया जाए एवं संसद द्वारा हिंदू धर्म के अतिरिक्ति किसी अन्य धर्म में परिवर्तित होने वाले आदिवासियों के संविधान में प्रदत्त लाभों को समाप्त करने के लिए कानून बनाया जाए ।

अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय गृह मंत्री जी से इसकी मांग करता हूँ ।